# 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिये अवसंरचना का विकास

## चर्चा में क्यों?

**राजीव गाँधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम** को रायपुर और देहरादून के बीच जोड़ने वाली सड़कों को अधिक प्रभावी ढंग से यातायात प्रबंधन के लिये चौड़ा किया जाएगा।

- यह निर्णय **38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह** के दौरान **उत्पन्न हुए गंभीर यातायात जाम** के पश्चात लिया गया है।

## मुख्य बिंदु

- **भविष्य के आयोजनों पर विचार:** चूँकि भविष्य में स्टेडियम में और अधिक खेल आयोजन आयोजित किये जाएँगे, इसलिये सरकार का लक्ष्य अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) में सुधार और यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है।
- **राष्ट्रीय खेल समापन समारोह:** समापन समारोह **14 फरवरी, 2025 को निर्धारित है।**
- **राष्ट्रीय खेल 2025:**
  - **38वें संस्करण में, राष्ट्रीय खेल,** जो कि ओलंपिक से प्रेरित भारत का बहु-खेल आयोजन है, में **28 राज्यों, आठ केंद्र शासित प्रदेशों** और **सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (SSCB) के खिलाड़ी 32 विभिन्न खेलों** में पदक के लिये प्रतिस्पर्द्धा करेंगे।
  - वर्ष 2025 के राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत **26 जनवरी को ट्रायथलॉन स्पर्द्धाओं** के साथ हुई।
  - **राष्ट्रीय खेलों** के प्रत्येक संस्करण के समग्र विजेता को **राजा भलिंद्र सिंह ट्रॉफी** से सम्मानित किया जाता है।
  - चैंपियन राज्य का निर्धारण, प्रतियोगिताओं में अंतिम स्थान के आधार पर अर्जित अंकों के आधार पर किया जाता है।
  - **राष्ट्रीय खेल 2025** में भारत के कुछ शीर्ष एथलीट भाग लेंगे, जिनमें **ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (मुक्केबाज़ी), स्वप्निल कुसाले, सरबजोत सिंह** और **विजय कुमार (निशानेबाज़ी) शामिल हैं।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/infrastructure-development-for-38th-national-games